A–2–Y

Roll No. ......................................

Total No. of Questions : 16]

[Total No. of Printed Pages : 8

# SSERS/ZJM18

# 17002–Y

# HINDI

**Time : 3 Hours]**

**[Maximum Marks : 100**

**नोट :–** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

   (i) संत कबीर का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

   (ii) 'सतसई' किस काल की रचना है ?

   (iii) संसार की भाषाओं को हम कितने परिवारों में बाँटते हैं ?

   (iv) 'लहर' किस कवि की रचना है ?

   (v) हिन्दी के किस कवि को 'राष्ट्र-कवि' कहकर सम्मान दिया गया है ?

   (vi) सुमित्रानंदन पंत को साहित्य अकादमी पुरस्कार किस कृति पर मिला ?

   (vii) लेखक के जमाने में एक रुपये में कितने सेर घी आता था ?

   (viii) 'वाँड पाऽथर' का अर्थ क्या है ?

(ix) राम-भक्ति शाखा के आधुनिक कवि का नाम लिखिए।

(x) राजा ध्रुवदेव का शासन काल कब से कब तक था ?

(xi) भाई साहब किस कला में निपुण थे ?

(xii) हरिहर काका के तीनों भाइयों ने अपनी पत्नियों को क्या सीख दी थी ?

1×12=12

2. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

प्रगट भए द्विजराज-कुल, सुबस बसे ब्रज आई!
मेरे हरौ कलेस सब, केसव केसवराइ!!
जपमाला, छापैं, तिलक सरै न एकौ कामु!
मन-काँचे नाचै बृथा, साँचे राँचे रामु!!

**अथवा**

न शब्द मिले सुनने को फिर कोई कभी भी
कि चढ़ गई बलि बच्ची किसी की बेगानी।
प्रण कर लो मिलकर यह आज आप सारे,
दोहराएँगे नहीं अब कुरीति पुरानी॥

3. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

रावण भूमंडल का स्वामी था। ऐसे राजाओं को चक्रवर्ती कहते हैं। आजकल अंग्रेजों के राज्य का विस्तार बहुत बढ़ा हुआ है, पर इन्हें चक्रवर्ती नहीं कह सकते। संसार में अनेक राष्ट्र अंग्रेजों का आधिपत्य स्वीकार नहीं करते, बिल्कुल स्वाधीन हैं रावण चक्रवर्ती राजा था, संसार के सभी महीप उसे कर देते थे।

**अथवा**

अपनी योजना को कार्य-रूप में परिणत करने के लिए वह जी-जान से जुट गए। हालाँकि यह सब गोपनीयता का निर्वाह करते हुए ही वह कर रहे थे। 6

4. किसी **एक** कविता का सार अपने शब्दों में लिखिए :

(क) हमारा प्यारा भारतवर्ष

(ख) नारी शृंगार 6

5. किसी **एक** गद्य-पाठ का सार अपने शब्दों में लिखिए :

(क) सपनों के-से दिन

(ख) हरिहर काका। 6

6. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) जम्मू के प्रथम हिन्दी कवि का पूरा नाम क्या था ? वह किस नाम से प्रसिद्ध हुए ?

(ख) 'ग्वसाऽन्य पाऽथर' की विषय-वस्तु लिखिए।

(ग) पंडित संसारचंद ने 'जम्मू कलम' को जीवित रखने में क्या योगदान दिया ?

(घ) छोटे भाई के मन में बड़े भाई साहब के प्रति श्रद्धा क्यों उत्पन्न हुई ?

(ङ) समाज में रिश्तों की क्या अहमियत है ? इस विषय पर अपने विचार प्रकट कीजिए। 6

7. (क) आधुनिक कालीन कविता या साहित्य का संक्षेप में वर्णन कीजिए। 4

(ख) भक्तिकालीन रामभक्ति शाखा की मुख्य विशेषताएँ लिखिए। 4

(ग) जीवनी व रेचाचित्र का प्रारम्भ कब से हुआ ? 3

8. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए :

(क) आदर्श विद्यार्थी

(ख) समय का सदुपयोग

(ग) राष्ट्रीय एकता

(घ) बच्चों का माँ-बाप के प्रति कर्त्तव्य

(ङ) पेड़-पौधे और हमारा जीवन 12

9. अपने प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए, जिसमें कई महीनों से हिन्दी की पढ़ाई न होने के कारण उत्पन्न कठिनाई का वर्णन किया गया हो।

**अथवा**

अपने मित्र को वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम आने पर एक बधाई-पत्र लिखिए। 7

10. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

लोगों ने धर्म को धोखे की दुकान बना रखा है, वे उसकी आड़ में स्वार्थ सिद्ध करते हैं। बात यह है कि लोग धर्म को छोड़कर संप्रदाय के जाल में फँस रहे हैं। सम्प्रदाय बाह्य कृत्यों पर जोर देते हैं। वे चिह्नों को अपनाकर धर्म के सार-तत्त्व को मसल देते हैं। धर्म मनुष्य को अंतर्मुखी बनाता है, उसके हृदय के किवाड़ों को खोलता है, उसकी आत्मा को विशाल, मन को उदार तथा चरित्र को उन्नत बनाता है।

प्रश्न :

(क) इस अवतरण का उचित शीर्षक दीजिए। 2

(ख) इस अवतरण का सारांश लिखिए। 2

(ग) धर्म मनुष्य को क्या से क्या बनाता है ? 2

11. निम्नलिखित में से अलंकार छाँटिए :

(क) चरण कमल बंदौ हरि राई

**अथवा**

रति सम रमणीय मूर्ति राधा की 2

(ख) निम्नलिखित पद्यांश में कौनसा छंद है ?

सेवक सठ नृप कृपण कुनारी।

कपटी मित्र सूल सम चारी॥

**अथवा**

रहिमन निजमन की व्यथा, मन ही राखो गेय।

सुनि इठलैहैं लोग सब, बांट न लैहें कोय॥ 2

12. (क) निम्नलिखित वाक्य में से पदबंध छाँटकर लिखिए :

वह पहले से बहुत अच्छा है।

**अथवा**

राम पढ़कर सो गया। 2

(ख) निम्नलिखित संयुक्त वाक्य को साधारण वाक्य में लिखिए :

बच्चा दौड़ा और मेरे पास आया।

अथवा

निम्नलिखित सरल वाक्य को मिश्रित वाक्य में लिखिए :

धनी व्यक्ति हर चीज़ खरीद सकता है। 2

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं दो मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

(i) पौ बारह होना

(ii) राम बाण

(iii) हवा लगना

(iv) उगल देना

2

13. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पदों की संधि कीजिए :

(क) मन: + रथ, अत: + एव, स्व + छन्द, सत् + धर्म 1

(ख) निम्नलिखत में से किन्हीं दो वाक्यों में आयी क्रियाओं के नाम लिखिए :

(i) वह प्रतिदिन पढ़ने जाता है।

(ii) नौकर रस्सी ऐंठ रहा है।

(iii) वह कानपुर जा रहा है।

1

14. (क) निम्नलिखित में से केवल दो शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए :

कपड़ा, आँख, चोर, माता।

अथवा

निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों के लिए एक-एक शब्द लिखिए :

(i) जो गुण सम्पन्न हो।

(ii) जिसका आधार हो।

(iii) हाथ से लिखा हुआ। 2

(ख) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो भिन्न-भिन्न अर्थ लिखिए :

आम, काल। 2

15. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो उपसर्गों से शब्द बनाकर लिखिए :

अव, उप, चिर, दुर। 1

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों में आये प्रत्यय लिखिए :

हितकर, ईसाई, मित्रता, कुलीन। 1

16. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों की भाववाचक संज्ञा बनाइए :

कवि, दानव, तरुण, राजा। 2

(ख) पुरुषवाचक सर्वनाम के कितने भेद हैं ? सभी भेदों के नाम लिखिए। 2